भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या *247**
दिनांक 10.03.2026 को उत्तरार्थ

## नवगठित ग्राम पंचायतें

*247. श्री महेश कश्यप:

क्या **पंचायती राज मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या छत्तीसगढ़ विशेषकर बस्तर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के नक्सल प्रभावित और दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में प्रशासनिक और भौगोलिक आवश्यकताओं के आधार पर नवगठित अनेक ग्राम पंचायतों को केंद्र और राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाओं का पर्याप्त लाभ नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अलावा पंद्रहवें वित्त आयोग की अनुदान राशि, बुनियादी सुविधाओं के सृजन के लिए निधियां और केंद्र प्रायोजित अन्य योजनाओं के अंतर्गत नवगठित ग्राम पंचायतों को धनराशि आवंटित नहीं की जा रही है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

पंचायती राज मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह)

**(क) से (ख) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

"नवगठित ग्राम पंचायतें" के संबंध में दिनांक 10.03.2026 को उत्तरार्थ लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या ***247** के भाग (क) से (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) से (ख) **जी नहीं, महोदय।** छत्तीसगढ़ सरकार ने सूचित किया है कि छत्तीसगढ़ के बस्तर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के नक्सल प्रभावित और दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में प्रशासनिक और भौगोलिक आवश्यकताओं के आधार पर 44 नई ग्राम पंचायतों का गठन फरवरी, 2025 में किया गया है और सभी नवगठित ग्राम पंचायतों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का पर्याप्त लाभ मिल रहा है।

15वें वित्त आयोग के तहत, वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2025-26 (06.03.2026 अवधि तक) छत्तीसगढ़ राज्य को जारी कुल अनुदान राशि 6,514.69 करोड़ रुपये (छ: हजार पांच सौ चौदह दशमलव छ: नौ करोड़ रुपये) है। छत्तीसगढ़ सरकार ने यह भी सूचित किया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 15वें वित्त आयोग के अनुदान के तहत, कुल 62,95,854/- रुपये (बासठ लाख पंचानबे हजार आठ सौ चौवन रुपये) इन नवगठित 44 ग्राम पंचायतों को मूलभूत सुविधाओं के निर्माण के लिए उनके द्वारा आवंटित किए गए हैं। इनका ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

****

**अनुबंध**

"नवगठित ग्राम पंचायतें" के संबंध में दिनांक 10.03.2026 को उत्तरार्थ लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *247 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

**छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बस्तर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र की 44 नवगठित ग्राम पंचायतों को मूलभूत सुविधाओं के निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए दी गईं 15वें वित्त आयोग की अनुदानों (टाईड और अनटाईड) का ब्यौरा**

| क्र. सं. | जिला का नाम | ब्लॉक का नाम | ग्राम पंचायत | एल जी डी कोड | राशि (रूपये में) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अनटाईड | टाईड | कुल |
| 1. | बस्तर | बस्तर | छोटेअलनार | 302400 | 50,415 | 75,620 | 1,26,035 |
| 2. | बस्तर | बस्तर | गुमगा | 302398 | 65,735 | 98,602 | 1,64,337 |
| 3. | बस्तर | बस्तर | कोटगढ | 302395 | 53,545 | 80,320 | 1,33,865 |
| 4. | दांतेवाड़ा | दांतेवाड़ा | बेनपाल | 302476 | 63,115 | 94,676 | 1,57,791 |
| 5. | दांतेवाड़ा | दांतेवाड़ा | डेगलरास | 302445 | 55,165 | 82,746 | 1,37,911 |
| 6. | दांतेवाड़ा | दांतेवाड़ा | झिरका | 302464 | 25,110 | 37,666 | 62,776 |
| 7. | दांतेवाड़ा | दांतेवाड़ा | कुन्देली | 302471 | 47,765 | 71,651 | 1,19,416 |
| 8. | दांतेवाड़ा | दांतेवाड़ा | मुस्केल | 302474 | 52,540 | 78,811 | 1,31,351 |
| 9. | दांतेवाड़ा | गीदम | बड़े करका | 302463 | 55,420 | 83,134 | 1,38,554 |
| 10. | दांतेवाड़ा | गीदम | बुदपदर | 302608 | 45,285 | 67,925 | 1,13,210 |
| 11. | दांतेवाड़ा | गीदम | हारला | 302469 | 28,185 | 42,277 | 70,462 |
| 12. | दांतेवाड़ा | गीदम | माडपाल | 302477 | 35,540 | 53,312 | 88,852 |
| 13. | दांतेवाड़ा | गीदम | नेलगोडा | 302591 | 20,130 | 30,197 | 50,327 |
| 14. | दांतेवाड़ा | गीदम | सियानार | 302480 | 61,430 | 92,148 | 1,53,578 |
| 15. | दांतेवाड़ा | गीदम | हारम 02 | 303037 | 89,790 | 1,34,688 | 2,24,478 |
| 16. | दांतेवाड़ा | गीदम | हीरानार 02 | 303040 | 59,155 | 88,733 | 1,47,888 |
| 17. | दांतेवाड़ा | गीदम | बड़े पनेड़ा 02 | 303039 | 61,870 | 92,803 | 1,54,673 |
| 18. | दांतेवाड़ा | गीदम | कारली 02 | 303058 | 71,180 | 1,06,772 | 1,77,952 |
| 19. | दांतेवाड़ा | कातेकल्यन | छोटे बेडमा | 302482 | 34,435 | 51,651 | 86,086 |
| 20. | दांतेवाड़ा | कातेकल्यन | छोटेलखापाल | 302495 | 51,420 | 77,131 | 1,28,551 |
| 21. | दांतेवाड़ा | कातेकल्यन | दुधिरास | 302487 | 47,430 | 71,142 | 1,18,572 |
| 22. | दांतेवाड़ा | कातेकल्यन | दुवालीकरका | 302478 | 44,595 | 66,896 | 1,11,491 |
| 23. | दांतेवाड़ा | कातेकल्यन | नडेनार | 302490 | 53,435 | 80,150 | 1,33,585 |
| 24. | दांतेवाड़ा | कातेकल्यन | नयानार | 302466 | 38,470 | 57,708 | 96,178 |
| 25. | दांतेवाड़ा | कातेकल्यन | प्रतापगिरी | 302493 | 46,395 | 69,591 | 1,15,986 |
| 26. | दांतेवाड़ा | कुनवाकोंडा | बड़े हडमा मुण्डा | 302486 | 38,450 | 57,675 | 96,125 |
| 27. | दांतेवाड़ा | कुनवाकोंडा | मडकामीरास | 302465 | 32,735 | 49,103 | 81,838 |
| 28. | दांतेवाड़ा | कुनवाकोंडा | मुलेर | 302479 | 40,780 | 61,169 | 1,01,949 |
| 29. | कोंड गांव | कोंड गांव | नगरी | 302455 | 62,325 | 93,485 | 1,55,810 |
| 30. | नरायनपुर | नरायनपुर | ईरको | 302491 | 44,285 | 66,425 | 1,10,710 |
| 31. | नरायनपुर | नरायनपुर | गोटाजम्हरी | 302488 | 44,685 | 67,027 | 1,11,712 |
| 32. | नरायनपुर | नरायनपुर | कापसी | 302483 | 44,765 | 67,148 | 1,11,913 |
| 33. | नरायनपुर | नरायनपुर | खरगांव | 302489 | 33,915 | 50,873 | 84,788 |
| 34. | नरायनपुर | नरायनपुर | कोशलनार | 302499 | 46,455 | 69,680 | 1,16,135 |
| 35. | नरायनपुर | नरायनपुर | मालिंगनार | 302500 | 62,850 | 94,272 | 1,57,122 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 36. | नरायनपुर | नरायनपुर | नेतानार | 302496 | 51,275 | 76,913 | 1,28,188 |
| 37. | नरायनपुर | नरायनपुर | तेरदुल | 302494 | 36,405 | 54,610 | 91,015 |
| 38. | सुकमा | छिंदगढ़ | एलेंगनार | 302540 | 82,935 | 12,4,401 | 2,07,336 |
| 39. | सुकमा | कोंटा | बड़ेकेडवाल | 302571 | 91,925 | 1,37,888 | 2,29,813 |
| 40. | सुकमा | कोंटा | लखापाल | 302564 | 1,36,815 | 2,05,224 | 3,42,039 |
| 41. | सुकमा | कोंटा | मैलासूर | 302550 | 98,615 | 1,47,920 | 2,46,535 |
| 42. | सुकमा | कोंटा | सेन्दुरगुडा | 302576 | 75,065 | 1,12,595 | 1,87,660 |
| 43. | सुकमा | कोंटा | उपमपल्ली | 302565 | 1,20,765 | 1,81,146 | 3,01,911 |
| 44. | सुकमा | कोंटा | उरसांगल | 302558 | 1,15,740 | 1,73,610 | 2,89,350 |
| | **कुल** | | | | **25,18,340** | **37,77,514** | **62,95,854** |

***